# वीआईटी कॉलेज में फूटा छात्रों का आक्रोश



**सीहोर,26 नवम्बर. शहर के नजदीक स्थित वीआईटी कॉलेज में मंगलवार देर रात जैन जी आंदोलन जैसे दृश्य देखने को मिले, जब स्वच्छ पानी और भोजन की मांग कर रहे छात्रों पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा कथित रूप से मारपीट किए जाने के बाद हालात अचानक बिगड़ गए.**

सुरक्षा कर्मियों की कार्रवाई से नाराज छात्र बड़ी संख्या में हॉस्टल से बाहर निकल आए और देखते ही देखते स्थिति अराजक हो गई. आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज परिसर में खड़े कई

### 08 दिसंबर तक अवकाश घोषित

वाहनों को आग के हवाले कर दिया और हॉस्टल बिल्डिंग में भी तोड़फोड़ एवं आगजनी की. दूषित पानी और खराब भोजन की शिकायतें लंबे समय से उठ रही थीं, जिनके समाधान न मिलने पर छात्रों का गुस्सा भड़क गया. घटना की सूचना मिलते ही आष्टा, पार्वती, सीहोर थाना और पुलिस लाइन से भारी पुलिस बल मौके पर भेजा गया. एसडीएम नितिन टाले और एसडीओपी आकाश अमलकर ने मौके पर पहुंचकर छात्रों को शांत कराया और स्थिति को नियंत्रित किया. अप्रिय घटनाक्रम को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने 8 दिसंबर तक अवकाश घोषित करते हुए सभी छात्रों को हॉस्टल खाली करने के निर्देश दिए. बुधवार को कलेक्टर बालागुरू के. व एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने वीआईटी कॉलेज पहुंचकर प्रबंधन के साथ बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए. इस घटना ने कॉलेज प्रशासन की लापरवाही और व्यवस्था संबंधी समस्याओं को एक बार फिर उजागर कर दिया है.

## अभाविप ने इंदर सिंह परमार को सौंपा ज्ञापन



### आरजीपीवी की ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक करने व सीबीआई जांच की मांग

**भोपाल.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बीते पाँच वर्षों के आर्थिक प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाए हैं. परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और तकनीकी शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपकर वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की ऑडिट रिपोर्ट तत्काल सार्वजनिक करने की मांग की है. अभाविप का कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा अब तक ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक न किए? से पारदर्शिता पर संदेह गहरा रहा है और बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं की आशंका बढ़ी है. परिषद ने अपने ज्ञापन में कई गंभीर विसंगतियाँ उजागर होने का दावा किया है.

## एक नजर में

### सोयाबीन के मॉडल रेट में 12 रुपये क्विंटल की गिरावट

**भोपाल.** भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 26 नवंबर को 4265 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है. 25 नवंबर को 4277 रुपये का मॉडल रेट जारी किया गया था. इस तरह मॉडल रेट में 12 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट आई है. यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है. इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी. मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है.

### 16 लाख 91 हजार की देशी शराब जब्त

**धार.** मध्यप्रदेश के धार जिले के तिरला ब्लॉक के ग्राम सुरजपुरा क्षेत्र में आबकारी विभाग ने लगभग 16 लाख 91 हजार रुपये मूल्य की देशी शराब और महुआ लहान जब्त की है. आधिकारिक जानकारी के अनुसार, ग्राम सूरजपुरा क्षेत्र में तालाब किनारे हाथ भटटी के माध्यम से महुआ लहान का निर्माण होनी की जानकारी मिली थी. इसके बाद आबकारी विभाग की तीन अलग-अलग टीमों ने एक साथ क्षेत्र के पहाडी और घने जंगल में आठ किलोमीटर क्षेत्र में सर्चिंग शुरू की. इस कार्रवाई के दौरान टीम को देशी शराब और महुआ लहान मिला. आबकारी टीम ने महुआ लहान का सैंपल लेकर शेष लहान को नष्ट किया.



# दो दिन बाद बढ़ेगी ठंड

**मध्यप्रदेश में मौसम फिर बदलेगा रुख**

**दिसंबर की शुरुआत में कड़ाके की सर्दी के आसार**

**भोपाल,26 नवम्बर. मध्यप्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने को तैयार है.**

प्रदेश में इन दिनों बादलों की मौजूदगी के कारण दिन में हल्की ठंडक और रात में अपेक्षाकृत गर्माहट बनी हुई है, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले दो दिनों बाद ठंड का असर दोबारा तेज होगा. दिसंबर की शुरुआत में कड़ाके की सर्दी दोबारा दस्तक देने की संभावना है. मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के अनुसार भोपाल, इंदौर और उज्जैन में बादल जरूर छाए हुए हैं, लेकिन फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है.

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का प्रभाव अभी मध्यप्रदेश तक नहीं पहुंचा है, परंतु उत्तर भारत के सिस्टम मजबूत होते ही प्रदेश में सर्द हवाएँ सक्रिय होंगी. पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम शुष्क रहा. अधिकतम तापमान में सबसे बड़ा बदलाव उज्जैन संभाग में दर्ज किया गया, जहाँ तापमान सामान्य से 2.0एष्ट तक नीचे गया. वहीं भोपाल, चंबल, रीवा, शहडोल और सागर संभागों में यह सामान्य से 1.8एष्ट से 2.5एष्ट तक कम रहा.

न्यूनतम तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया, हालांकि रीवा संभाग में तापमान सामान्य से 1.9एष्ट कम रहा, जबकि उज्जैन, जबलपुर और शहडोल में रात का पारा सामान्य से 2.3एष्ट से 2.8एष्ट अधिक रहा. नर्मदापुरम में न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.3एष्ट तक अधिक दर्ज किया गया. इस बीच अंतरराष्ट्रीय मौसम प्रणाली भी सक्रिय है. एक चक्रवातीय तूफान सेनयर मलक्का जलडमरूमध्य होते हुए इंडोनेशिया तट से टकरा चुका है. वर्तमान में यह तूफान 70-80 किमी/ घंटा की रफ्तार से उत्तर-पूर्वी इंडोनेशिया के पास सक्रिय है और 27 नवंबर की सुबह तक अपनी तीव्रता बनाए रखते हुए पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगा.

# पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित किया बरामद परिजनों को सौंपा

## पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई से दो परिवारों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 26 नवम्बर. जिले में पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन में संचालित मुस्कान अभियान निरंतर उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त कर रहा है।**

गुमशुदा एवं खोए हुए बच्चों को सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के अंतर्गत थाना अमिलिया एवं चौकी पोंडी थाना कुसमी की पुलिस टीमों ने दो अलग-अलग मामलों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंपा।प्रथम मामले में थाना अमिलिया क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका की गुमशुदगी की रिपोर्ट धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना अमिलिया पुलिस ने तत्काल खोजबीन प्रारंभ की। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।तकनीकी निगरानी एवं डिजिटल फुटप्रिंट का विश्लेषण किया गया। क्षेत्र में गहन पूछताछ एवं सर्च ऑपरेशन संचालित किया गया। जांच के दौरान प्राप्त सूचनाओं से स्पष्ट हुआ कि बालिका कोरांव, प्रयागराज (उ.प्र.) में है।सूचना की पुष्टि होते ही एक विशेष पुलिस टीम प्रयागराज रवाना की गई। स्थानीय पुलिस की सहायता से लोकेशन ट्रैक कर टीम ने बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया।विधि अनुसार सभी वैधानिक कार्यवाही पूर्णकर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस, सहायक उप निरीक्षक उग्रभान मिश्रा, प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह, आरक्षक रघुराज सिंह, आरक्षक कृष्ण मुरारी द्विवेदी का योगदान रहा।

### सूरत में मिली बालिका

थाना कुसमी के चौकी पोंडी क्षेत्र की एक अन्य नाबालिग बालिका की गुमशुदगी की रिपोर्ट 19 सितम्बर 2025 को धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज की गई। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्यवाही प्रारम्भ कर गहन जांच की गई। जांच में पता चला कि बालिका सूरत, गुजरात में है।बालिका से संपर्क स्थापित कर उसे विश्वास में लिया गया। बातचीत में उसने माता-पिता की डांट से नाराज़ होकर घर छोड़ना कारण बताया।पुलिस टीम द्वारा उसे समझाइश देकर वापस बुलाया गया।घर वापसी के दौरान बालिका को सतना रेलवे स्टेशन से दस्तयाब कर चौकी पोंडी लाया गया तथा आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्णकर परिजनों को सौंप दिया गया।इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक डी.के. रावत, चौकी पोंडी पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

### इनका कहना है

मुस्कान अभियान हमारे लिए केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और परिवारों की खुशी से जुड़ी सामाजिक जिम्मेदारी है। हर गुमशुदा बच्चा हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीधी पुलिस की टीमें दिन-रात तत्परता के साथ कार्य कर रही हैं और इन दोनों मामलों में पुलिस कर्मियों द्वारा दिखाई गई संवेदनशीलता, तकनीकी दक्षता और त्वरितता सराहनीय है। सीधी पुलिस नागरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

**संतोष कोरी**
पुलिस अधीक्षक सीधी



**डॉ. रमन सिंह ने भगवान महाकालेश्वर जी के किए दर्शन**

**उज्जैन.** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सपरिवार ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन एवं पूजन किए मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एसएन सोनी द्वारा डॉ. रमन सिंह का स्वागत एवं सम्मान किया गया.

## ब्राइट अकैडमी मोखा में मना संविधान दिवस

**नवभारत न्यूज**

**बरगवां 26 नवम्बर । जिले के बरगवां क्षेत्र में संचालित ब्राइट अकैडमी स्कूल मोखा में आज दिन बुधवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंधन के द्वारा धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया।**

इधर बताया जाता है कि ब्राइट अकैडमी स्कूल मोखा बरगवां में धूमधाम से मनाया गया। संविधान दिवस स्कूल के डायरेक्टर रितेश शाह, प्रिंसिपल विमला साहू के द्वारा मार्गदर्शन में संविधान दिवस के कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर शिक्षक यशवंत सिंह, उमा रावत, रश्मि सेन, वेदिका कुमारी रीना कुशवाहा, सहित नन्हे-मुन्ने बच्चो ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति स्पीच भी दिये, अयांश शाह, प्रिंस विश्वकर्मा, अमन गुप्ता, संदीप सेन, ब्रिजेश विश्वकर्मा, खुशबू वैश्य, अनिता सेन, कंचन प्रजापति समस्त स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


**नाम सुधार सूचना**

मैं खुशबू यादव उम्र 19 साल पिता रामाधार यादव निवास-ग्राम कोटाराही कला तहसील उंचेहरा म.प्र. कि निवासी हूं, और शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूं कि- मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं मेरे माता का नाम हीराबाई पति स्व रामाधार यादव है। मुझ शपथकर्ता के 8वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, समग्र आई.डी में मेरा नाम खुशबू यादव और माता का नाम हीराबाई लिखा है लेकिन 10वीं की अंकसूची में मेरे माता हीराबाई यादव की जगह कुसुम कली लिख गया है जिससे मुझे आगे की पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। मेरा नाम खुशबू यादव पिता स्व रामाधार यादव माता हीराबाई यादव नाम सही है मेरी 10वीं की अंकसूची में माता का नाम कुसुम कली लिखा है जो गलत नाम है मेरे 10वीं की अंकसूची में मेरी माता का हीराबाई अंकित किया जय एवं इसी नाम से जाना पहचाना, पढ़ा और समझा जाय।

सतना, दिनांक 26.11.2025

भवदीयः
खुशबू यादव पिता रामाधार यादव



**In The Court of Principal Judge, Family Court, Satna (M.P.)**
presiding Officer: श्रीमती नोरिन निगम
(विज्ञापन)
(वाद के निपटारे के लिए सम्मन्स)
(MICR30/2025)
मंजूषा गौतम
Vs
नारेन्द्र गौतम
process NO-86/2025
पेशी दिनांक 09.01.2026

नारेन्द्र गौतम तनय श्री भागवत प्रसाद गौतम, उम्र 45 वर्ष, पेशा सेवानिवृत्त भारतीय सेना (आर्मी), निवासी ग्राम सिकडौरा, तहसील बिरसिंहपुर, थाना सभापुर, जिला सतना (म.प्र.), हाल पता गणेश नगर नई बस्ती वार्ड नं. 14 सतना, थाना कोलगवां, जिला सतना म.प्र.

आवेदिका श्रीमती मंजूषा गौतम पुत्री श्री बीरेन्द्र कुमार पाण्डेय पता गणेश नगर नई बस्ती वार्ड नं. 14 सतना, जिला सतना (म.प्र.) ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अन्तर्गत **धारा 144 बी.एन.एस.एस.** बावत दिलाए जाने मासिक भरण पोषण राशि, का आवेदन संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक 09.01.2026 को दिन में 11.00 बजे आवेदन का जबाव देने के लिए उपसंजात होने के लिए संमस किया जाता है. न्यायालय में आपकी उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है, वह इस बात के अंतिम निपटारा के लिए नियत दिनांक है, इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना चाहिए, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं.

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होंगे तो आवेदन की सुनवाई या उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जावेगा.

यह आज **दिनांक 22.22.2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया.

न्यायालय की मुद्रा

**न्यायाधीश**
Principal Judge
Family Court, Satna (M.P.)

**कृपया ध्यान दे:**-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.


# संयुक्त मोर्चा ने श्रम नियमो को वापस लेने किया धरना प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 26 नवम्बर । संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आज दिन बुधवार को एनसीएल के सभी इकाइयों जयंत, दुद्धिचुआ, बीना, ककरी, खड़िया, कृष्णशिला, सी डब्ल्यूएसएस, नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, निगाही, अमलोरी, ब्लॉक बी, झिंगुरदाह सहित अन्य सभी इकाइयों में भारत सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों को रद्द कर 4 श्रम संहिता में समाहित कर दिया गया है।**

इस कानून के पारित होने से पुन: निजीकरण को बढ़ावा देने वाला कानून प्रतीत होता है। इस कानून में कामगारों के 8 घंटे के समय को 12 घंटे की दिया गया है, किसी भी कर्मचारियों को 15 दिन का भुगतान एडवांस करके नौकरी से निकालने का अधिकार दे दिया गया है। 4 श्रम कानूनों के लागू होने से कामगारों के अधिकारों में कटौती की जा रही है। भारत सरकार का इस कानून को लागू कराने का उद्देश्य केवल अपने पूंजीपति साथियों को लाभ पहुंचाने का है, ताकि उनके द्वारा लगाए जा रहे व्यवसाय में कम नियम कानून और मजदूरी में आसानी से कर्मचारी मिल जाए और उनके साथियों का ज्यादा से ज्यादा मुनाफा हो सके। इन्हीं सब कारणों से सभी यूनियन के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से 4 श्रमसंहिता को वापस लेने के लिए, विरोध स्वरूप महामहिम राष्ट्रपति के नाम महाप्रबंधक के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है । ज्ञापन के माध्यम से 4 काले श्रम कानूनों को वापस लेने की मांग किया गया है।

# कन्या छात्रावास माजन मोड़ में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 26 नवम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर के निर्देशन में समस्त अनुसूचित जाति, जनजाति छात्रावासों एवं आश्रमों में निवासरत समस्त छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने के निर्देश के परिपालन में आज पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक कन्या छात्रावास माजन मोड़ निवासरत छात्राओ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।**

स्वास्थ्य परीक्षण में सिकल सेल एनीमिया की जाँच की गयी। एनीमिया, थेलासीमिया, आंख, नाक, कान एवं दन्त परीक्षण किया गया। करीब 20 लड़कियां एनीमिया से ग्रस्त मिली, 13 लड़किया सस्पेक्टेड सिकल सेल की मिली हैं, जिनके ब्लड सैंपल अभी जिला चिकित्सालय बैढ़न में जाँच के लिए भेजे गए हैं। सिकल सेल की पुष्टि रिपोर्ट आने उपरांत होगी। कुछ लड़कियों में आँखों में समस्या और दांत में समस्या होने की शिकायत मिली है, जिनको आगामी जाँच के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास जिला चिकित्सालय बैढ़न रेफेर किया गया हैं।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र खैड़ार अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग कि संचालित समस्त योजनाओं हेतु निर्माण कार्यो कि सामग्री सप्लाई किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। समस्त सामग्री प्रदाय कर्ताओ से अनुरोध है कि आप दिनांक 17/11/2025 से 27/11/2025 तक निविदा प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे के बीच कार्यालय सरपंच ग्राम पंचायत खैड़ार में जमा करना सुनिश्चित करें। **( उक्त निविदा एक वर्ष तक के लिये होगी )**

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत खैड़ार**
**जनपद पंचायत चितरंगी जिला सिंगरौली**


## पेज एक का शेष

### खातों में 249 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए

मार्ग पर 10 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण का भूमिपूजन किया, जिससे देपालपुर और बड़नगर क्षेत्र को सीधा लाभ मिलेगा. इसके साथ ही उन्होंने इंदौर-देपालपुर के बीच 37 किमी फोरलेन सड़क स्वीकृत करने की घोषणा की, जिस पर करीब 745 करोड़ रुपये खर्च होंगे. मुख्यमंत्री ने गौतमपुरा में सरकारी महाविद्यालय, अपग्रेडेड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बड़े अस्पताल के निर्माण की भी घोषणा की. इसके अतिरिक्त इंदौर से हातौद तक फोरलेन सड़क बनाने का निर्णय भी लिया गया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि मालवा संत-परंपरा की भूमि रही है. गौतमपुरा ऋषि गौतम की तपस्थली है. इसी परंपरा के सम्मान में 1 दिसंबर को पूरे प्रदेश में गीता जयंती विशेष रूप से मनाई जाएगी.

### सवर्ण समाज एफआईआर व बर्खास्तगी पर अड़ा

प्रदर्शन हुआ. रूप सिंह स्टेडियम से एसपी ऑफिस तक सवर्ण समाज ने पैदल मार्च कर भारी शक्ति प्रदर्शन किया. आंदोलन में एडवोकेट अनिल मिश्रा सहित कई अधिवक्ताओं और समाज के सदस्यों ने भाग लिया. कई महिलाएं फरसे लेकर भी रैली में पहुँचीं. प्रदर्शनकारियों ने क्राइम ब्रांच थाना और एसपी कार्यालय का घेराव किया और धरने पर बैठ गए.


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सीधी (म.प्र.)**

क्र/सि.स./..........ई.टेंडरिंग/4402 — सीधी, दिनांक 21.11.025

**निविदा सूचना**

जिला चिकित्सालय सीधी की व्यवस्था हेतु पार्किंग (दो पाहिया एवं चार पाहिया वाहन) खुली चतुर्थ निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आमंत्रित की जाती है. निविदा की विस्तृत विवरण https:// www.mptenders.gov.in/पर देखा जा सकता है.

| क्र | टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयाविधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_DHS_463817 | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जिला चिकित्सालय सीधी में वाहन पार्किंग स्थल शुल्क वसूली कार्य. | (1) 12 माह (2) 2.00 लाख | (1) 2000.000 (2) 50000.00 | 16.12.2025 |

नोट:-
1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाइन बेवसाइड https://www.mptenders.gov.in पर किया गया जावेगा.
2. निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करना अधोहस्ताक्षरी का अंतिम निर्णय मान्य होगा.
3. स्वीकृत निविदाकार की अमानत राशि कार्यादेश दिनांक से आगामी निविदा स्वीकृत होने तक प्रभावशील रहेगी तथा स्वीकृत निविदा राशि केवल 1 वर्ष के लिए मान्य होगी. निविदाकार द्वारा अग्रिम कार्य करने पर माहवार राशि जमा करनी होगी.
4. निविदाकार की निविदा स्वीकृत होने पर एक सप्ताह के अंदर 100.00 रुपए के स्टाम्प पर अनुबंध पत्र दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित किया जावेगा.

(डॉ. एस.बी. खरे)
सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला सीधी (म.प्र.)



**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सीधी (म.प्र.)**

क्र/सि.स./..........ई.टेंडरिंग/4400 — सीधी, दिनांक 21.11.025

**निविदा सूचना**

जिला चिकित्सालय सीधी में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु भर्ती मरीजों के लिए खाद्यान्न सब्जी, फल, पोष्टिक आहार, लड्डू मसाले अण्डे इत्यादि हेतु म.प्र. क्रय भण्डार नियम 2015 के अंतर्गत ई निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण https:// www.mptenders.gov.in/पर देखा जा सकता है.

| क्र | टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयाविधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_DHS_463969 | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु भर्ती मरीजों के लिए खाद्य सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा | (1) 12 माह | (1) 2000.000 (2) 50000.00 | 16.12.2025 16.12.2025 |

नोट:- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाइन बेवसाइड https://www.mptenders.gov.in पर किया गया जावेगा.
2. निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करना अधोहस्ताक्षरी का अंतिम निर्णय मान्य होगा.
3. स्वीकृत निविदाकार की अमानत राशि कार्यादेश दिनांक से आगामी निविदा स्वीकृत होने तक प्रभावशील रहेगी तथा स्वीकृत निविदा राशि केवल 1 वर्ष के लिए मान्य होगी. निविदाकार द्वारा अग्रिम कार्य करने पर माहवार राशि जमा करनी होगी.
4. निविदाकार की निविदा स्वीकृत होने पर एक सप्ताह के अंदर 100.00 रुपए के स्टाम्प पर अनुबंध पत्र दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित किया जावेगा.

(डॉ. एस.बी. खरे)
सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला सीधी (म.प्र.)



**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सीधी (म.प्र.)**

क्र/सि.स./..........ई.टेंडरिंग/4398 — सीधी, दिनांक 21.11.025

**निविदा सूचना**

जिला चिकित्सालय सीधी की साफ सफाई/सुरक्षा कार्य व्यवस्था हेतु निम्नांकित प्रवर्ग की ई-निविदा https:// www.mptenders.gov.in/ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आमंत्रित की जाती है.

| क्र | टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयाविधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_DHS_463802 | Annul Contract for housekeeping service at Distric Hospital Sidhi 2025-26 | (1) 12 माह | (1) 2000.000 (2) 50000.00 | 16.12.2025 16.12.2025 |
| 2. | 2025_DHS_463805 | Annul Contract for Security service at Distric Hospital Sidhi 2025-26 | (1) 12 माह | (1) 2000.000 (2) 50000.00 | 16.12.2025 16.12.2025 |

नोट:-
1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाइन बेवसाइड https://www.mptenders.gov.in पर किया गया जावेगा.
2. निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करना अधोहस्ताक्षरी का अंतिम निर्णय मान्य होगा.
3. स्वीकृत निविदाकार की अमानत राशि कार्यादेश दिनांक से आगामी निविदा स्वीकृत होने तक प्रभावशील रहेगी तथा स्वीकृत निविदा राशि केवल 1 वर्ष के लिए मान्य होगी. निविदाकार द्वारा अग्रिम कार्य करने पर माहवार राशि जमा करनी होगी.
4. निविदाकार की निविदा स्वीकृत होने पर एक सप्ताह के अंदर 100.00 रुपए के स्टाम्प पर अनुबंध पत्र दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित किया जावेगा.

(डॉ. एस.बी. खरे)
सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला सीधी (म.प्र.)